इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, रविवार, 28 सितम्बर 2025

मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी, अशिक्षा बीमारी, कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही की जा सकती है।
-सुभाष चन्द्र बोस

वर्ष 18 अंक 28 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

तापमान - अधिकतम 34.4°C (+1.2) न्यूनतम 27.4°C(+3.8) सेंसेक्स 80,426.46 (-733.22) निफ्टी 24,654.70 (-236.15) सोना 1,15,630 चांदी 1,43,000 मुद्रा - डालर 88.67 दिरहम 24.14 रियाल 23.64

जागरुकता से हो सकेगा अस्थमा व मधुमेह से बचाव : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

लखनऊ (सं)। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का कहना है कि अस्थमा व मधुमेह के साथ हृदय रोग से बचा जा सकता है। व्यक्ति अगर सावधानी बरते तो इन रोगों से बचाव संभाव है। लापरवाही करने या रोग होने पर समय से इलाज न करने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

डॉ. प्रसाद मिस्बाह तालीमी सोसाइटी की ओर से हेल्थ, हैप्पीनेस और इस्लामिक टीचिंग विषय पर इमामबाड़ा मलका जहां में आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। एराज मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के मेडिकल एजकेशन निदेशक व डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अस्थमा एक लाइफ लांग बीमारी है। दवाओं व नियंत्रित जीवनशैली से इससे बचा जा सकता है। केवल सांस फूलना अस्थमा नहीं है। इसके सही कारण की जांच आवश्यक है। इनहेलर लेने से घबराना नहीं चाहिए। सेमिनार में चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. सैयद हसन असरार रिजवी ने बीमारियों के कारण और बचाव पर प्रकाश डाला। आरएमएल इंस्टीट्यूट के डॉ. प्रो. निखिल गुप्ता ने कहा कि भारत आज डायबिटीज कैपिटल बन गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में 8 से 9 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और आने वाले समय में यह आंकड़ा 13 से 14 करोड़ तक पहुंच सकता है।

उन्होंने खराब लाइफ स्टाइल और गलत खानपान को इसकी सबसे बड़ी वजह बताया। संजय गांधी पीजीआई के डॉ. नवीन गर्ग ने कहा कि दिल को स्वस्थ रखने के लिए धूम्रपान और शराब से परहेज करें। बताया कि हार्ट अटैक केवल बुजुर्गों को आता है युवाओं को नहीं। यह भ्रांति है। हृदय रोग किसी को भी हो सकता है। कार्यक्रम में डॉ. जाफर अली, नजमुल हसन, बाकर इमाम समेत कई चिकित्सक शामिल हुए।

कार्यक्रम में व्याख्यान देते डॉ. प्रो. निखिल गुप्ता साथ में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद व अन्य